दिन– सोमवार दिनांक– 11/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच नागरिकों से एक वर्ष तक सोना न खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने का आग्रह किया।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के तत्काल निष्पादन के लिए सहयोग पोर्टल का लोकार्पण करेंगे।

03. राज्य में भूमि खरीदने वालों को निबंधन से पहले ही भूमि की पूरी जानकारी मिलेगी। जमीन निबंधन के लिए मोबाईल यूनिट की जल्द होगी शुरूआत।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने का आग्रह किया है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में कल एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से भी इसमें सहयोग की अपील की।

–––साउंड बाईट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नागरिकों से वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था फिर शुरू करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से विवेकाधीन खर्चों पर पुनर्विचार करने की भी अपील की, क्योंकि देश बढ़ती वैश्विक ऊर्जा लागतों से आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से खाद्य तेल की खपत कम करने और किसानों से विदेशों से आयातित रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने का आह्वान किया।

–––साउंड बाईट–––

जो एनर्जी प्रॉडक्ट हम विदेशों से मंगाते हैं। हमें प्रयास करना है कि जितनी ज़रूरत है, उतना ही उपयोग करें। इससे विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी और युद्ध के संकट से होने वाले दुष्प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री की यह अपील ऐसे समय में आई है जब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास व्यवधान के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें लगभग सत्तर डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर एक सौ छब्बीस डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

———————————————————————————

पड़ोसी देश नेपाल में लगातार चौथी बार पेट्राल और डीजल की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि के बाद भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के पेट्रोल पम्पों पर नेपाली नागरिकों की भीड़ देखी जा रही है। हमारे संवाददाताने बताया है कि अररिया में पेट्रोल की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के तत्काल निष्पादन के लिए आज से सहयोग पोर्टल की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय से इस पोर्टल की शुरूआत करेंगे। सहयोग पोर्टल आम लोगों की शिकायतों का पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से निपटाने के लिए तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर एकीकृत ऑनलाईन प्रणाली के माध्यम से शिकायतें दर्ज करने, स्थिति की जानकारी लेने और रिमांडर भेजने तथा प्रतिक्रिया देने में आसानी होगी। इस पोर्टल पर परिवाद दर्ज करने की तिथि से तीस दिन के अन्दर उनका निष्पादन कर आवेदक को लिखित सूचना दी जायेगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना में मंदीरी नाला– नवीन किशोर सिन्हा पथ का लोकार्पण करेंगे। पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत निर्मित इस पथ से स्थानीय लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथ राज्यसभा सांसद नितिन नवीन भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————————

राज्य में भूमि खरीदने वालों को निबंधन से पहले ही भूमि की पूरी जानकारी मिलेगी। मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव ने बताया कि जमीन निबंधन कराने के समय में आवेदकों को तेरह प्रकार की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि जमीन की पूरी जानकारी नहीं होने के कारण निबंधन के बाद विवाद नहीं हो इस लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में जमीन निबंधन के लिए मोबाईल यूनिट तैयार की गयी है, जिसके जल्द ही शुरू होने की सम्भावना है।

———————————————————————————

राज्य की सभी चीनी मिलों को गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर सर्विस, सीएचसीएस संचालित करना होगा। वर्तमान में सिर्फ तीन चीनी मिलों ने सीएचसीएस स्थापित किए हैं। गन्ने की खेती के रकबा विस्तार के उद्देश्य से चीनी

मिलों को सीएचसीएस की स्थापना करने का निर्देश दिया गया है। गन्ना उद्योग विभाग के अनुसार कृषि विभाग और जीविका द्वारा स्थापित सीएचसीएस में गन्ना फसल से संबंधित विशेष कृषि यंत्रों की कमी भी चिह्नित की गई है। गन्ना विभाग ने अधिकारियों और चीनी मिलों को निर्देश दिया है कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में गन्ना संबंधित कृषि यंत्रों की आवश्यकता का आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही, इन सूचनाओं के आधार पर शीघ्र समेकित रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

———————————————————————

राज्य में मॉनसून से पहले पैंतालीस हजार पुल–पुलियों की जांच की जायेगी। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार जांच का निर्देश कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया है। इस विशेष निगरानी अभियान में अनियमितता या गड़बड़ी करने वाले अभियंताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————

राजधानी पटना में पाईप्ड नेचुरल गैस–पीएनजी और कम्प्रेस्ड नेचुरल गैल–सीएनजी के दाम बढ़ा दिये गये हैं। नई दरों के अनुसार घरेलू पीएनजी की कीमत पचास पैसे बढ़कर उनचास रूपये चौराने पैसे हो गयी है। वहीं, व्यवसायिक पीएनजी की कीमत बढ़कर तिरानवे रूपये सत्ताईस पैसे प्रति एससीएम हो गयी है। औद्योगिक पीएनजी के दामों में भी बढ़तारी हुई है। इधर, सीएनजी की दर एक रूपये बढ़कर नवासी रूपये नब्बे पैसे प्रति किलो हो गयी है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में अगले एक सप्ताह तक आंधी–बारिश की स्थिति बने रहने के आसार है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन का पूर्वानुमान जारी किया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया के जलालगढ़ में सबसे अधिक पैंतीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, लखीसराय के चानन में बत्तीस दमशलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हर राज्य में बाढ़ संकट प्रबंधन टीमों का गठन कर इन्हें सक्रिय किया जाना चाहिए। श्री शाह ने संभावित बाढ़ और लू से निपटने के तैयारियों के लिए नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीएमए के सहयोग से देश के केंद्रशासित और राज्य सरकारों को बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने की योजना पर काम करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेल बिहार से बेंगलुरू के लिए एक विशेष ट्रेन का परिचालन करेगा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि चौदह मई से बारह जुलाई के बीच सहरसा और यशवंतपुर के बीच विशेष ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। वहीं, पूर्णिया कोर्ट और सहरसा से आनंद विहार के लिए चल रही ट्रेन के समय में भी बदलाव किया गया है। वहीं, दानापुर मंडल के मोकामा रेलवे स्टेशन के पास स्थित पश्चिम समपार फाटक को बंद कर सो जाने वाले गेटमैन को रेलवे ने निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चन्द्रनाथ रथ हत्याकांड मामले में एसटीएफ की टीम ने बक्सर जिले से एक व्यक्ति विशाल श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। बक्सर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपट्टी निवासी विशाल पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं और पीए हत्याकांड मामले में उसकी संलिप्ता पाई गयी है। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने विशाल की गिरफ्तारी का स्पष्ट कारण नहीं बताया है।

———————————————————————

समाज कल्याण मंत्री डॉक्टर श्वेता गुप्ता ने कहा है कि विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र शिवहर पहुंचने पर डॉक्टर श्वेता ने यह बात कही।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले में जीआरपी ने तस्करी के लिए भागलपुर ले जाये जा रहे इक्कीस बच्चों को मुक्त कराया है। रेल पुलिस थानाध्यक्ष भरत प्रसाद ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के बीडी चौक के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान इकतालीस लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से बीस किलो गांजा के साथ एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

आईपीएल में आज, पंजाब किंग्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच धर्मशाला में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल रात रायपुर में खेले गये मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। इससे पहले, दिन के एक अन्य मैच में, चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया।

———————————————————————

गुजरात का प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ मंदिर अपने पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर "सोमनाथ अमृत पर्व" मना रहा है। सोमनाथ मंदिर चिरस्थायी गौरव और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी आज प्रभास पाटन में आयोजित समारोह में भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्य में आईएएस अधिकारियों के तबादले पर लिखा है – पुलिस और प्रशासन के शीर्ष अफसरों को नई जिम्मेदारी।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है –राज्य में निगरानी कैडर समाप्त, बिहार पुलिस में समायोजित होंगे इसके अधिकारी।

प्रभात खबर ने नेपाल सरकार की ओर से जारी एक आदेश पर लिखा है – नेपाल जाना है तो आधार कार्ड–पहचान पत्र अनिवार्य। सीमा पर बढ़ी चौकसी।

दैनिक जागरण लिखता है – तमिलनाडु में विजय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ।

राष्ट्रीय सागर ने लिखा है– ईरान ने समुद्र में तीन हजार बैरेल तेल बहाया। देश के पास तेल स्टोर करने की जगह कम पड़ी।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार के सभी जिलों में पीपीपी मोड पर खुलेंगे चार्जिंग स्टेशन। हर जिले से पटना के लिए चलेंगी सरकारी बसें।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच नागरिकों से एक वर्ष तक सोना न खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने का आग्रह किया।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के तत्काल निष्पादन के लिए सहयोग पोर्टल का लोकार्पण करेंगे।

03. राज्य में भूमि खरीदने वालों को निबंधन से पहले ही भूमि की पूरी जानकारी मिलेगी। जमीन निबंधन के लिए मोबाईल यूनिट की जल्द होगी शुरूआत।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।